पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–06/विधि (अधि0–2nd Inter)–132/2025
बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

## आवश्यक सूचना

### द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु संशोधित विज्ञापन संख्या–02/23 (A) का प्रकाशन

ज्ञापांकः–3924/आ0 पटना, दिनांकः–27.9.2025

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा विभिन्न विभागों/कार्यालयों से इंटर स्तरीय पदों की रिक्तियों (आरक्षण कोटिवार) से संबंधित प्राप्त अधियाचनाओं के आलोक में बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वि0सं0–02/23 प्रकाशित करते हुए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन (Online) आवेदन आमंत्रित किये गये।

प्रकाशित विज्ञापन के नोट–II द्वारा संसूचित किया गया है कि रिक्तियाँ औपबंधिक है, जो घट–बढ़ सकती हैं तथा प्रारंभिक परीक्षा के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से जिन अधियाची विभागों के द्वारा संशोधित रिक्तियाँ अथवा नये पद हेतु रिक्तियाँ, जिनकी शैक्षणिक योग्यता इन्टर होगी, आयोग को संसूचित की जायेगी, तो उन रिक्तियों को भी इस विज्ञापन की रिक्तियों में समावेशित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उक्त विज्ञापन हेतु सम्प्रति प्रारंभिक परीक्षा आयोजित नहीं की गयी है।

**विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् 65 विभिन्न विभागों/कार्यालयों से इंटर स्तरीय पदों के लिए 10976 रिक्तियों की अधियाचनायें प्राप्त हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–15151, दिनांक–14.08.2025 के आलोक में सभी प्राप्त रिक्तियों को समेकित कर द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु संशोधित विज्ञापन संख्या–02/23(A) आयोग के वेबसाइट https//bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। वि0सं0–02/23 (A) हेतु रिक्तियों की कुल संख्या–23175 है। विज्ञापन संख्या–02/23 (A) के आलोक में ही परीक्षा संबंधी अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।**

अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आयोग के वेबसाइट पर **दिनांक–15.10.2025 से 27.11.2025** तक की अवधि में समर्पित किया जा सकता है। आवेदन करने हेतु परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (Credit Card/Debit Card/UPI/Net Banking आदि के माध्यम से) **दिनांक–15.10.2025 से दिनांक–25.11.2025** तक जमा किया जा सकता है।

इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे वांछित प्रमाण–पत्रों यथा–शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र/तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र/दिव्यांगता प्रमाण–पत्र/सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण–पत्र/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/EWS प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनी संबंधी प्रमाण–पत्र/अधिकतम उम्र में छूट संबंधी प्रमाण–पत्र/अनापत्ति प्रमाण–पत्र/संविदा नियोजन संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र आदि का संकलन ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व कर लें।

अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान अपने नाम, पिता का नाम, पता, लिंग, जन्मतिथि, आरक्षण कोटि, दिव्यांगता, प्रमाण–पत्र संख्या इत्यादि की विवरणी प्रविष्ट करते समय पूर्ण सतर्कता बरतेंगे क्योंकि किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन आवेदन–पत्र भर कर समर्पित (Submit) कर देने के पश्चात् ऑनलाइन प्रपत्र में की गई प्रविष्टियों में सुधार संभव नहीं होगा।

**वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने वि0सं0–02/23 के अंतर्गत अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन समर्पित कियें हैं, उन्हें वि0सं0–02/23 (A) हेतु पुनः आवेदन समर्पित करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व से आवेदित अभ्यर्थी एवं वि0सं0–02/23 (A) हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी वि0सं0–02/23 (A) में सम्मिलित सभी पदों के लिए प्रतियोगी होंगे।**

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

27/IX/2025
सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।